हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

4 रासेयो से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होता है



## खबर संक्षेप

### खनिज आरक्षक के सूने मकान में चोरी

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कोतवाली के बाद अब चोर गिरोह गांधीनगर थाना क्षेत्र में सक्रिय हो गए है। चोरों ने भगवानपुरकला साई मंदिर रोड स्थित खनिज आरक्षक के सूने मकान में धावा बोलकर नगदी समेत लगभग 1 लाख कीमत के जेवरात पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भगवानपुरकला साई मंदिर रोड निवासी अशोक कुमार मिश्रा आ. स्व.सप्तमुनि मिश्रा खनिज आरक्षक के पद पर अजिरमा बेरियर में पदस्थ है। कुछ दिन पूर्व घर में ताला लगाकर परिवार के साथ गांव गया था। इसी दौरान शनिवार को पड़ोसी ने घर का ताला टूटा तथा चोरी होने की सूचना दी। सूचना पर मकान मालिक अशोक कुमार मिश्रा घर पहुंचा तो देखा कमरे में सामान बिखरा है और अलमारी खुला हुआ है। मकान मालिक ने अलमारी की तलाशी ली तो पता चला कि चोरों ने अलमारी में रखे नगद समेत लगभग 1 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए है। साथ ही चोरों ने घर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी साथ लेकर गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरों ने दुकान के सामने से पार किया स्कूटी

**अम्बिकापुर।** पटेलपारा निवासी अमरनाथ बागे आ. बिजगु राम बागे देवीगंज रोड में स्टील दुकान का संचालन करता है। हर रोज की भांति 22 जनवरी को स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीके 7793 से दुकान आया और स्कूटी को दुकान के सामने खड़ा किया था। इसी दौरान रात को दुकान बंद कर घर जाने के लिए निकला तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** रविवार को एनएच पर दो अलग अलग घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। देर शाम हुई घटना में एनएच 130 पर अज्ञात वाहन बाइक सवार लोगों को टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना में घायल महिला व युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की मौत हो गई जबकि युवक का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक महिला व घायल युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम मणिपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि लोधिमा के फूटामुड़ा तालाब के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हुए है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी एक महिला व युवक सड़क पर तड़प रहे थे। पुलिस टीम द्वारा घायलों को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी होने की बात कही जा रही है।

### एनएच 43 पर हुई घटना में युवक की मौत

**बतौली/सेदम।** रविवार को एनएच 43 पर हुई घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बतौली कुनकुरी निवासी 21 वर्षीय प्रिंस कोरवा आ. तेजू कोरवा अपने साथी 21 वर्षीय दुर्गा पैकरा के साथ अंबिकापुर गया हुआ था और दोनों युवक केटीएम सोल्ड बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 43 पर बेलकोटा के समीप अज्ञात वाहन का चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। इस घटना में दुर्गा पैकरा की मौके पर मौत हो गई।

## मोबाइल एप्लीकेशन या फिर राशन दुकान से कर सकते हैं नवीनीकरण

# राशन कार्ड नवीनीकरण: सर्वर स्लो होने से कार्डधारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य में बीते 25 जनवरी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डों का नवीनीकरण अभियान शुरू हो चुका है। इसके अंतर्गत अविभाजित कोरिया के 1.90 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। इनमें प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन राशन कार्ड और सामान्य राशन कार्ड शामिल हैं, इसके लिए 15 फरवरी 2024 तक का समय-सीमा तय किया गया है। राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने, राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवायसी पूरा होना जरूरी है, लेकिन जिले में मोबाइल एप के माध्यम से और राशन दुकानों में टैबलेट के माध्यम से राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए सरवर डाउन होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। तकनीकी जानकारों की माने तो एक साथ सर्वर पर कहीं अधिक लोड के कारण सर्वर डाउन की समस्या आ रही है।

राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए प्रोसेस करने के बाद एप्लीकेशन सबमिट करने पर सर्वर बिजी बता रहा है। यही कारण है कि अभी तक अविभाजित कोरिया में ज्यादा संख्या में नवीनीकरण नहीं हो सका है। विदित हो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डों के नवीनकरण शुरू हो गया है। राशन कार्डधारियों को 15 फरवरी तक आवेदन जमा करना होगा। जानकारी के अनुसार राशन कार्डों के नवीनीकरण कराने को लेकर कार्डधारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर खाद्य विभाग के ऐप से ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा। हितग्राही अपने मोबाइल या राशन दुकानों के टैबलेट या दुकान संचालक की पंजीकृत एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड कर आवेदन प्रस्तुत करेंगे। राशनकार्ड नवीनीकरण निःशुल्क होगा, सिर्फ सामान्य राशन कार्ड का नवीनकरण करने 10 रुपए शुल्क लिया जाएगा। अविभाजित कोरिया में कुल 1.90 लाख राशन कार्ड हैं, इसमें कोरिया में 82025 और एमसीबी में 107623 राशन कार्ड हैं।




### नवीनीकरण नहीं होने पर राशन बंद

छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के प्रावधनों के तहत हर 5 साल में इन राशन कार्डों का नवीनीकरण कराया जाना हैं। राज्य सरकार द्वारा राशन कार्ड के नवीनीकरण का आदेश जारी किया गया हैं। आदेश के मुताबिक जिले में प्रचलित सभी राशन कार्डों का नवीनीकरण कराया जाना हैं। निर्धारित समय तक राशन कार्ड नवीनीकरण मोबाइल एप से आनलाइन कर सकेंगे आवेदन। छग में राशन कार्डों के नवीनीकरण के लिए राज्य स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य विभाग की ओर से सभी कलेक्टरों को 19 जनवरी को विस्तृत निर्देश जारी किए जा चुके हैं। राशन कार्ड नवीनीकरण खाद्य विभाग द्वारा नया मोबाइल एप तैयार किया गया है, इससे राशनकार्ड धारी अपने मोबाइल में डाउनलोड कर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राशन कार्डों के नवीनीकरण के दौरान मौजूदा राशन कार्डों में संशोधन, नाम जोड़ने या काटने अथवा नया राशनकार्ड बनाने का काम बंद रहेगा। नहीं किए जाने वाले राशन कार्डों में राशन वितरण बंद किया जाएगा।

### मोबाइल एप से आनलाइन कर सकेंगे आवेदन

छग में राशन कार्डों के नवीनीकरण के लिए राज्य स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य विभाग की ओर से सभी कलेक्टरों को 19 जनवरी को विस्तृत निर्देश जारी किए जा चुके हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण खाद्य विभाग द्वारा नया मोबाइल एप तैयार किया गया है, जिससे राशनकार्ड धारी अपने मोबाइल में डाउनलोड कर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राशन कार्डों के नवीनीकरण के दौरान मौजूदा राशन कार्डों में संशोधन, नाम जोड़ने या काटने अथवा नया राशन कार्ड बनाने का काम बंद रहेगा।

### मोबाइल एप से आवेदन करने की प्रक्रिया

राशनकार्ड धारी अपने एंड्रॉयड फोन से खाद्य विभाग के पोर्टल अथवा गूगल प्ले स्टोर से राशनकार्ड नवीनीकरण सिटीजन ऐप डाउनलोड कर इंस्टाल कर सकते हैं। यह ऐप ओपन करने पर स्क्रीन पर तीन विकल्प प्रदर्शित होंगे। पहला राशन कार्ड नवीनीकरण, दूसरा राशन कार्ड नवीनीकरण की स्थिति की जांच और तीसरी राशन कार्ड नवीनीकरण कैसे करें, इसके बाद राशन कार्ड नवीनीकरण आवेदन के लिए प्रथम विकल्प राशन कार्ड नवीनीकरण चुनना होगा। जिन हितग्राहियों के पास एंड्रॉयड सेट नहीं है, वह सीधा राशन दुकान में जाकर नवीनीकरण कर सकते हैं।

# वनांचल में नहीं रुक रहा पशु तस्करी का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

■ 30 मवेशी बरामद, 4 पशु तस्कर पकड़े गए

वनांचल क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगातार पशु तस्करों पर किए जा रहे कार्रवाई के बावजूद पशु तस्करी का अवैध कारोबार थम नहीं रहा है। बीती रात्रि मुखबीर की सूचना पर जनकपुर पुलिस ने नाकाबंदी कर जंगल के रास्ते बूचड़खाने ले जा रहे 30 नग मवेशी सहित 4 तस्करों को पकड़ लिया। पकड़े गए मवेशियों को जब्त कर नियमानुसार सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

वहीं पशु तस्करों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लाक अंतर्गत आए दिन पशु तस्करों द्वारा रात के अंधेरे में पशुओं को जंगल के रास्ते पैदल, ट्रक व पिकअप वाहन में पशुओं भरकर फर्राटा भरते हुए चुपके से निकल जाते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस कारोबार में बाहरी व्यापारियों के साथ ही क्षेत्र के कई लोगों की संलिप्ता रहती है, जिससे इस तस्करी के धंधे से जुड़े लोग बेखौफ होकर इस क्षेत्र से पशुओं को लेकर गुजरते रहते हैं।

क्षेत्र के इन्हीं लोगों की सहयोग की मदद से मवेशियों को आसानी से निकालकर बूचड़खाने तक भेज दिया जाता है। पशु तस्करी पर रोक लगाने एवं पशु तस्करों पर कार्रवाई करने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सक्रिय हुई जनकपुर पुलिस ने बीती रात्रि ग्राम च्यूल के नजदीक जंगल में 30 नग भैंस व पड़वा सहित बूचड़खाने ले जाने वाले वीरभान यादव पिता गोपाल यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम लावाहोरी थाना कोटाडोल जिला एमसीबी छग, राजरूप पिता सुखलाल जायसवाल उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कतरवार थाना मड़वास जिला सीधी मध्यप्रदेश, अर्जुन सिंह पिता सुमेर सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम गिधेर थाना कोटाडोल जिला एमसीबी छग, रामशरण यादव पिता गोपाल यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम लावाहोरी थाना कोटाडोल जिला एमसीबी छग के 4 पशु तस्करों को जनकपुर पुलिस ने पकड़ा है और इनके विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ओम प्रकाश दुबे, प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र सिंह, सुनील रजक, संतोष साहू, आरक्षक मदन राजवाड़े, संजय सिंह का योगदान रहा। इससे पूर्व भी जनकपुर पुलिस ने विगत माह उसी क्षेत्र से गुजर रहे 24 नग पशुओं सहित तीन तस्करों को पकड़ा था।



पकड़े गए पशु तस्कर व जब्त मवेशी।

### व्यापारी बन क्षेत्र में घूमते हैं तस्कर

वनांचल क्षेत्र में बाहर से आकर कई पशु तस्कर व्यापारी बनकर घूमते रहते हैं। ये तस्कर क्षेत्र के भोले-भाले स्थानीय लोगों को कुछ रकम देकर अपने झांसे में ले लेते हैं और उनसे विचौलिया का कार्य कराते हुए क्षेत्र से ही कुछ मवेशियों को ले लेते हैं, इन्हीं मवेशियों के आड़ में तस्कर बाहर से पशुओं को लाकर वनांचल क्षेत्र से पशुओं को निकालकर मध्यप्रदेश होते हुए दूसरे राज्य के बूचड़खाने तक ले जाते हैं। क्षेत्र के ग्राम च्यूल के जंगल में पकड़े गए पशु तस्करों का 30 नग भैंस पड़वा को ले जाने के बारे में उनका कहना है कि वह लोग वनांचल क्षेत्र के ही विभिन्न गांवों में घूम-घूमकर मवेशियों को खरीदे हैं और मध्यप्रदेश होते हुए उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड़ राज्य में बने बूचड़खाने तक ले जाकर वहां किलो के दर में बेंच देते हैं। सूत्रों की माने तो अधिकांश पशु तस्कर यहीं से माल-मवेशी खरीद कर उसे अन्य राज्य व जिले में भेजते हैं। कभी-कभार तस्कर पुलिस के लपेटे में आते हैं अन्यथा इनका धंधा निर्वाध रूप से चलता रहता है।

### कार्रवाई की गई

30 नग भैंस पड़वा की जब्ती व 4 आरोपी तस्करों के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

-ओपी दुबे
थाना प्रभारी
जनकपुर

# एके नर्सिंग कालेज में फ्रेशर्स फेयरवेल का भव्य आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** हमारा मानना है कि नर्सिंग पेशा एक कला और विज्ञान दोनों है, जो वैज्ञानिक समस्या समाधान दृष्टिकोण पर आधारित है, जो बड़े पैमाने पर समाज को व्यापक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है। हमारे कॉलेज की प्राथमिक चिंता शिक्षा के माध्यम से व्यक्तियों को दयालु, कुशल, नैतिक रूप से सुदृढ़, शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट पेशेवर बनाना है। वे शरीर और मन दोनों को स्वस्थ करते हुए स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता और अग्रणी होंगे।

उक्त बातें मनेन्द्रगढ़ एके इंस्टीट्यूट नर्सिंग कॉलेज मनेन्द्रगढ़ में नवागत छात्र -छात्राओं का स्वागत एवं संस्थान में अध्यापन पूरा कर चुके छात्रों की विदाई समारोह के अवसर पर कालेज के संचालक अखिलेश कुमार ओझा ने कही। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, बीएड कॉलेज के संचालक राजेश शर्मा, रामचरित द्विवेदी, गोपाल सिंह, धुरंधर तिवारी, गुरमीत अरोरा, विनय पाण्डेय, मृत्युंजय चतुर्वेदी, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने इस दौरान जनवरी प्रथम सप्ताह में स्पोर्ट्स सप्ताह में विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कृत कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने गुणवतापरक शिक्षा देनी चाहिए। नर्सिंग कॉलेज के संचालक एके ओझा ने संस्थान की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। छात्रों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय चतुर्वेदी ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम में कल्पना, रिद्धिमा, डेविड, दीपिका, शिवानी, रोहित समेत सभी छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

# एमसीबी जिला प्रशासन ने जीता सद्भावना क्रिकेट मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में जिला प्रशासन एवं एमसीबी प्रेस क्लब के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें जिला प्रशासन की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा ग्राउंड में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की गेंद पर करारा शॉट लगाकर मैच का शुभारंभ कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला प्रशासन टीम के कप्तान कलेक्टर एवं एमसीबी प्रेस क्लब अध्यक्ष रंजीत सिंह की उपस्थिति में टॉस की प्रक्रिया कराई । इसमें एमसीबी प्रेस क्लब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर के मैच में प्रेस क्लब की शुरूआत काफी निराशाजनक रही, लेकिन सुनील शर्मा और सुरजीत सिंह की जोड़ी ने टीम को मुश्किलों से निकालकर 84 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला प्रशासन की टीम ने शानदार शुरूआत की और 85 रनों के लक्ष्य को 5 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया।

मैच के अंपायर गोविंद कुंभकार व केमेन्द्र साहू रहे। वहीं स्कोरिंग सुमित कुमार जायसवाल ने की, जबकि मैच का आंखों देखा हाल संजय श्रीवास्तव ने सुनाया। मैच की अतिथि मनेन्द्रगढ़ नपाध्यक्ष ⏭ शेष पेज 4 पर



मैच का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

### प्रबंधन समिति की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वच्छ भारत मिशन विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक 30 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभा में आयोजित की गई है। सदस्य सचिव जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा पंचायत, समाज कल्याण विभाग, आदिवासी विकास विभाग को बैठक में उपस्थित होंगे।

# मृतक के परिजन को विधायक ने दी सहायता राशि

**मनेन्द्रगढ़।** बीते दिवस सड़क हादसे का शिकार हुई भरतपुर ब्लाक के शेरी ग्राम पंचायत के 10 साल की बच्ची अनन्या भुरतिया की मौत के बाद मृतकों के परिजनों को भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने तहसीलदार भरतपुर की मौजूदगी में आपदा राहत कोष से 25 हजार रूपए की सहायता प्रदान की।

विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने मृतिका के पिता रोहणी प्रसाद भुरतिया और मां गीता भुरतिया के अलावा परिजन को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे हादसों पर शासन गंभीर है और तत्काल सहायता प्रदान कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे हादसों पर बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई पूरा करें। विधायक ने इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों से हादसे के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सड़क पर जल्द जल्द से ब्रेकर बनाने के निर्देश तहसीलदार भरतपुर को दिए। इस दौरान जनपद पंचायत भरतपुर अध्यक्ष राजकुमारी बैगा एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



परिजन को चेक सौंपती विधायक रेणुका सिंह।

## परीक्षा पे चर्चा: बोर्ड परीक्षाओं से पहले पीएम ने विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन

# दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड परीक्षा 2024 से पहले देशभर के 10 वीं और 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के विद्यार्थियों से संवाद किया, जिसका सीधा प्रसारण कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति में शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में छात्राओं को दिखाया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के 7 वें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत की। करीब पौने दो घंटे की मेगा क्लास में बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन से लेकर बेहतर नागरिक बनने को प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बेहद सरल अंदाज में बच्चों के हर एक सवाल का जवाब दिया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि वो कैसे इतने पॉजिटिव रहते हैं और प्रधानमंत्री के रूप में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से छात्रों ने सवाल किया कि वो परीक्षा और सिलेबस के प्रेशर को कैसे संभालें, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए, दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है, किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके दोस्त से आपको किस चीज की स्पर्धा है। मान लीजिए 100 नंबर का पेपर है और अगर आपका दोस्त 90 नंबर ले आया तो क्या आपके लिए 10 नंबर बचे, आपके लिए भी 100 नंबर हैं। आपको उससे स्पर्धा नहीं करनी है आपको खुद से स्पर्धा करनी है, उससे द्वेष करने की जरूरत नहीं है खुद पर काम करना जरूरी है। असल में वो आपके लिए प्रेरणा बन सकता है। अगर यही मानसिकता रही तो आप अपने से तेज तरार व्यक्ति को दोस्त ही नहीं बनाएंगे।



कार्यक्रम का प्रसारण देखते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व अधिकारी-कर्मचारी।

# छात्रावास के समीप आपस में भिड़ी बाइक, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ जनपद अध्यक्ष ने घायलों की मदद

जिले के ग्राम सारा बालक छात्रावास के समीप 27 जनवरी की देर शाम तीन बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ग्राम नगर निवासी शंकर राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक तो बाइक से दूर गिर गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची जनपद अध्यक्ष बैकुंठपुर सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने 108 नंबर पर एम्बुलेंस को फोन कर हाथ से की जानकारी दी, लेकिन समय से एम्बुलेंस नहीं आने पर जनपद अध्यक्ष द्वारा निजी वाहन से ही घायल को जिला अस्पताल बैकुंठपुर भिजवाया गया, वहीं घायलों के उपचार के लिए अस्पताल के चिकित्सकों को फोन कर पहले से घटना की जानकारी दे दी गई, जिससे अस्पताल पहुंचने के साथ ही घायल का इलाज शुरू कर दिया गया। वहीं जनपद अध्यक्ष की सूझबूझ और मानवता के कार्य की लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।



आटो में घायल को ले जाते लोग।

29 Jan-Jash Bhoomi pg2_Layout 1 1/29/2024 7:55 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'अर्गिल' के वर्ल्ड प्रीमियर पर हेनरी कैविल का जलवा



'अर्गिल' का वर्ल्ड प्रीमियर लंदन में हुआ। इस दौरान हेनरी कैविल ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। कैविल को गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ पोज देते देखा गया। 'अर्गिल' इस साल की बहुप्रतीक्षित हॉलीवुड फिल्मों में से एक है। बीती रात सितारे लंदन में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए निकले। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में कई दिग्गजों ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। प्रीमियर में ब्राइस डलास हॉवर्ड, दुआ लीपा और अन्य सितारे शिरकत करते देखे गए। वहीं, इस इवेंट में सबसे ज्यादा लाइमलाइट 40 साल के अभिनेता हेनरी कैविल ने बटोरी। इस दौरान वह अपनी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ रेड कार्पेट पर पोज देते नजर आए। कैविल, अर्गिल के लंदन प्रीमियर में हेनरी कैविल गहरे नीले रंग के सूट में बेहद स्मार्ट लगे। वहीं, उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो सफेद रंग के लंबे गाउन के ऊपर गोल्डन जैकेट पहनी काफी हसीन लगीं। इस जोड़ी ने कैविल की नेटफ्लिक्स फिल्म 'एनोला होम्स 2' के प्रीमियर के लिए अक्तूबर 2022 में न्यूयॉर्क शहर में रेड-कार्पेट पर अपनी शुरुआत की थी। विस्कुसो वर्टिगो एंटरटेनमेंट में एक टेलीविजन कार्यकारी हैं। 'अर्गिल' की कहानी 'अर्गिल', जो 2 फरवरी को रिलीज होगी, मैथ्यू वॉन द्वारा निर्देशित और निर्मित एक जासूसी एक्शन कॉमेडी फिल्म है।

फिल्म के सारांश के अनुसार, हॉवर्ड ने एली कॉनवे नामक एक लेखक की भूमिका निभाई है।

### टॉलीवुड

## बाफ्टा विजेता फिलिप की 'चेन्नई स्टोरी' में काम करेंगी श्रुति हासन



अभिनेत्री श्रुति हासन को बीते दिनों प्रभास के साथ फिल्म 'सलार' में देखा गया था। अब एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। श्रुति अब फिल्म 'चेन्नई स्टोरी' में नजर आएंगी। साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री श्रुति हासन को बीते दिनों प्रभास के साथ फिल्म 'सलार' में देखा गया था। अब एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। श्रुति अब फिल्म 'चेन्नई स्टोरी' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन कर रहे हैं। श्रुति हासन ने इस फिल्म में काम करने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है। ये फिल्म भारत और यूके की साझेदारी में बन रही है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट (बीएफआई) यूके ग्लोबल स्क्रीन फंड फिल्म को सहयोग कर रहे हैं। 'चेन्नई स्टोरी' को लेकर श्रुति हासन ने कहा, 'मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत खुश हूं। इस फिल्म में चेन्नई की विविधता और विशिष्टता को दिखाया जाएगा, इसलिए यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। मैं 'चेन्नई स्टोरी' के जरिए अपनी संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।' बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन ने कहा, 'मैं 'चेन्नई स्टोरी' फिल्म में श्रुति हासन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। इस फिल्म में चेन्नई और कार्डिफ दोनों शहरों की सांस्कृतिक दिखाई जाएगी। बीएफआई के समर्थन से यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया सहयोग लाती है। रिपल वर्ल्ड पिक्चर्स के प्रोड्यूस और फाउंडर डोमिनिक राइट ने कहा, 'हम इस बात से बहुत खुश हैं कि साउथ की बहुप्रतिभाशाली अभिनेत्री श्रुति हासन बीएफआई इंस्टिट्यूट यूके और भारत सह-उत्पादन फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गई हैं।

### भोजपुरी

## जब बिटिया ने उठाया श्मशान में मुर्दे जलाने का बीड़ा, जाने 'जया'



भोजपुरी फिल्मों 'कसम धरती मईया की' और 'सत्या' के बाद अभिनेता दया शंकर पांडे की तीसरी फिल्म 'जया' अगले महीने रिलीज होने वाली है। दया का कहना है कि वह भोजपुरी सिनेमा में वही फिल्में करना चाहते हैं जिनमें फूहड़ता ना हो। वह यह भी कहते हैं कि क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों में सबसे ज्यादा भोजपुरी फिल्में बनती हैं लेकिन इनके बारे में कोई गर्व से बात नहीं करता। अभिनेता दया शंकर पांडे कहते हैं, 'मुझे अलग अलग तरह के किरदार निभाने का मौका मिलता है तो करने में मजा आता है। मैंने दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ 'धरती मईया की कसम' और पवन सिंह के साथ 'सत्या' की थी। दोनों फिल्मों में मेन विलेन था। इन फिल्मों में एक अभिनेता के तौर पर मुझे अलग करने को मिला। हिंदुस्तान में कई क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्में बन रही हैं लोग बड़े गर्व से कहते हैं कि हमारी मराठी फिल्में, हमारी साउथ की फिल्में अच्छी है। लेकिन भोजपुरी सिनेमा को हम गर्व से नहीं कह पाते कि हमारी फिल्में बहुत अच्छी हैं, यह एक बहुत बड़ी बिडंबना है।' दया का मानना है कि जो समाज के लिए बदलाव लाए वह सिनेमा है। वह कहते हैं, 'फिल्मों से हम भले ही ज्यादा पैसे कमा रहे हैं, लेकिन सिनेमा का एक स्तर होना चाहिए। मैं अवार्ड को सेकेंडरी समझता हूं। कला इसीलिए बनी कि वह समाज को बदले। चाहे वह कहानियों के माध्यम से हो या फिर कविताओं के माध्यम से। भोजपुरी फिल्म 'जया' एक सामाजिक संदेश देती है। मुझे ऐसी फिल्म करने में आनंद आता है और मैं ऐसे सिनेमा के साथ जुड़ा हूं चाहे वह फिल्म 'लगान', 'स्वदेश', और 'गंगाजल' जैसी फिल्मों हो जिसने समाज को सामाजिक रूप से एक नया दृष्टिकोण दिया।' दया शंकर पांडे कहते हैं, 'एक कलाकार के तौर पर मेरा मानना है कि हमारा ऐसा योगदान सिनेमा के प्रति होना चाहिए, जिससे समाज हमारी कला और कहानी से कुछ सीखे। और, बदलाव आए। क्योंकि ऐसा हमेशा से होता आ रहा है, चाहे भारतीय सिनेमा हो या फिर हॉलीवुड की फिल्में, समाज के बदलाव में सिनेमा की अहम भूमिका रही है।

कहानी और नाटक समाज को बदलने के माध्यम रहे हैं। फिल्में देखकर लोग अपने जीवन में बदलाव लाने कोशिश करते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### दुबई का नजारा



दुबई का आधिकारिक फैशन समारोह दुबई फैशन वीक इस बार 4 से 8 फरवरी तक होने जा रहा है। दुबई डिज़ाइन डिस्ट्रिक्ट (डी3) और अरब फैशन काउंसिल के कोलेबरेशन में होने वाले यह शो वैश्विक फैशन कैलेंडर में न्यूयॉर्क, लंदन, मिलान से आगे निकल जाएगा, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। इसका उद्देश्य फैशन और रचनात्मकता के वैश्विक केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करना है। वहीं डिजाइनरों के साथ सहयोग के अवसरों को बढ़ाना भी है।

## फ्लोरल ब्रेड हेयर स्टाइल क्रियेट करें कई ढंग से



अगर आप ब्रेड फ्लोरल हेयर स्टाइल क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए इस हैक्स को ट्राई करें इससे आसानी से ब्रेड बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए सबसे पहले आपको आगे के बालों में सेक्शन कर उन्हें आगे सेट कर लेना है। अब जो पीछे के बाल हैं उनमें पफ क्रिएट करना है, इसके लिए बेस्ट है कि आप बैक कॉम्बिंग करें। इसके बाद पीछे के बालों को लेना है और ट्विस्ट कर सेट करना है। आप इसमें ब्रेड भी बना सकती हैं और छोटे-छोटे सेक्शन में सेट कर सकती हैं। फिर हेयर में बाउंस देने के लिए इन्हें खोलना शुरू कर देना है। इसके बाद इसमें पिन की मदद से फ्लावर सेट करने हैं। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। अगर आपके बाल पतले हैं तो जो तरीका इसमें बताया गया है आप उसके हिसाब से ब्रेड (हेयर स्टाइल टिप्स) बनाएंगी, तो बालों में एक बाउंस क्रिएट होगा। जिससे वो हेल्दी और हैवी लगेंगे। इसके लिए पहले आपको पफ क्रिएट करना है। अब आपको बालों को ट्विस्ट करना है और रबर बैंड की मदद से चोटी बनाकर सेट करना है। फिर इसे अंदर की तरफ ट्विस्ट करना है। इसी तरीके से आपको सारे बालों को ट्विस्ट कर सेट करना है। इसके बाद इसे पिन से सेट करना है। इस बात का ध्यान रखें कि बालों में हैवी कर्ल जरूर क्रिएट करें, ताकि वो अच्छे लगे। अब इसमें फ्लावर सेट करना है, छोटे-छोटे हिस्से में।

## चायपत्ती कर सकती है बालों का घरेलू इलाज




चाय पत्ती सिर्फ पीने में ही नहीं बल्कि बालों में लगाने के भी काफी काम आती है। इसके इस्तेमाल से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है साथ ही झड़ना भी कम हो जाता है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ने लगे हैं या फिर दोमुंहे नजर आ रहे हैं तो ऐसे में आप बालों में चाय पत्ती (ड्राई स्कैल्प) के पैक को बनाकर लगा सकती हैं। यह बालों को झड़ने से रोकने में मदद करता है और ग्रोथ बढ़ाता है। चाय पत्ती का पेस्ट बनाने के लिए आपको दो चम्मच चाय पत्ती पाउडर को 1 चम्मच एलोवेरा में मिक्स करना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा पानी मिक्स करना है। फिर इस पेस्ट को अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाना है। इसके बाद शैंपू से बाल साफ कर लेने हैं। इसे आप हफ्ते में 1 बार लगाएं। इससे आपके बालों की ग्रोथ कुछ ही महीनों में अच्छी हो जाएगी। चाय पत्ती का पानी बालों के लिए काफी अच्छा होता है। ये एक बेहतरीन कंडीशनर होता है। इसको लगाने से बाल मुलायम (जोजोबा ऑयल) होते है और चमकदार नजर आते हैं।

## फ्लोरल अनारकली सूट के डिजाइंस अपनाएं, आपको मिलेगा परफेक्ट लुक

फैशन





सूट को स्टाइल करने से पहले जरूरी है कि आप फिटिंग का भी खास ध्यान रखें, इससे आपका लुक और अट्रैक्टिव लगता है। जब भी हम कोई सूट खरीदते हैं तो मार्केट में जाकर अच्छे-अच्छे डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम पहले से ही लेटेस्ट ट्रेंड को सर्च करके जाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कई सारे डिजाइन और पैटर्न होते हैं जो हमसे छूट जाते हैं। फ्लोरल अनारकली सूट डिजाइन भी उनमें से एक है, आजकल ये काफी ट्रेंड में है।

### गाउन स्टाइल फ्लोरल अनारकली सूट

अगर आपको किसी पार्टी या फिर घर के किसी फंक्शन में गाउन पहनने का मन है लेकिन एथनिक लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप गाउन स्टाइल अनारकली को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको फ्लोरल प्रिंट जो आजकल काफी चल रहा है वो मिल जाएगा। इसकी खास बात ये होती है कि ये आपको लाइट और हैवी दोनों तरह के प्रिंट में मिल जाएंगे। कलर को आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 1000 से 2000 रुपये में मिलेगा।

### अनारकली सूट विद पैंट

घर में पूजा है तो इसके लिए आप इस फ्लोरल प्रिंट के अनारकली सूट को वियर कर सकती हैं। इसमें लुक काफी अच्छा लगता है। इस तरह के सूट में आपको शॉट अनारकली कुर्ती मिलेगी। जिसपर गोटा पट्टी वर्क होगा। इसके साथ सेम प्रिंट की पैंट और दुपट्टा सिंपल मिलेगा। इस तरह के अनारकली सूट को भी आप स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

### फ्रंट स्लिट अनारकली सूट

स्लिट ड्रेस आजकल काफी चल रही हैं यही फैशन ट्रेंड आपको अनारकली में भी मिल जाएगा। जिसे आप किसी भी पार्टी या (सलवार सूट) इवेंट में वियर कर सकती हैं। इसके साथ आपको दुपट्टा और पैंट मिलेगा। आप इसे सिंपल तरीके से स्टाइल कर सकती हैं, वरना हैवी ज्वेलरी के साथ भी इसे पहना जा सकता है। मार्केट में ये सूट आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे। इस तरीके के फ्लोरल प्रिंट अनारकली सूट को स्टाइल करें। इसमें आपका लुक अलग और परफेक्ट नजर आएगा।

## स्टाइलिश लुक देने बैकलेस ब्लाउज की डिजाइन में करें बदलाव, मिलेगा लुक



साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज के डिजाइन को बॉडी टाइप और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर चुनना बेहद जरूरी होता है।आजकल मार्केट में कई वैरायटी में आपको ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस नजर आ जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश और बोल्ड दिखने के लिए हम बैकलेस ब्लाउज पहनना काफी पसंद करते हैं।

**ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए चूड़ी का कैसे करें इस्तेमाल ?**

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको वैसे तो मार्केट में कई चीजें मिल जाएंगी, लेकिन अगर आप बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं तो इस तस्वीर में दिखाया गया डिजाइन साड़ी या लहंगे के साथ पहनने वाले बैकलेस ब्लाउज पर बनवा सकती हैं। चूड़ी के लिए आप किसी भी साइज या डिजाइन को चुन सकती हैं।


**ब्लाउज में चैन को स्टाइल कैसे करें ?**

बैकलेस ब्लाउज में आपको फ्रंट से हॉल्टर नेकलाइन वाले कई ब्लाउज के डिजाइंस मिल जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप ब्लाउज के बैक डिजाइन में बीड्स, पर्ल्स या स्टोन वाली चैन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ब्लाउज की डोरियों को फैंसी लुक देने के लिए क्या करें ?**

अक्सर बैकलेस ब्लाउज में डोरियों को लगाया जाता है, लेकिन अगर आप इन डोरियों को फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस पर लटकन लगवा सकती हैं। लटकन के कलर और डिजाइन के लिए आप अपनी आउटफिट के डिजाइन का खास ख्याल रखें।

## आई लाइनर लगाने की ट्रिक्स बदलकर छोटी आंखों को दिखा सकते हैं बड़ा भी



आंखों को बड़ा दिखाने के लिए आपने कई सारे ट्रिक्स आजमाएं होंगे। हम जो आज ट्रिक्स आपको बताने वाले हैं, वो ट्राइड और टेस्टेड हैं। इन ट्रिक्स से आपकी आंखें आकर्षक और सुंदर भी दिखेंगे।

ऐसा कहा जाता है कि किसी की आत्मा में झांकना हो, तो उसकी आंखों को करीब से देख लीजिए। बड़ी-बड़ी आंखों वाली हसीनाओं के लिए यह कहना आसान हो सकता है, लेकिन जिनकी छोटी आंखें होंगी उनका क्या? हां, मगर कुछ ऐसी ट्रिक्स हैं, जिनकी मदद से छोटी आंखों भी बड़ी दिख सकती हैं। एक आईलाइनर की मदद से आप ऐसा कर सकती हैं। ये ट्रिक्स आपकी छोटी आंखों में बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं। चाहे आपको मेकअप आता हो या फिर आप नौसिखिया ही हों, सही तकनीकों के साथ अपनी आंखों को निखारने का तरीका हम ले आए हैं। इससे आपकी आंखें बड़ी और अधिक आकर्षक दिखाई दे सकती हैं।

**व्हाइट या न्यूड लाइनर लगाएं:** अपनी आंखों को बड़ा दिखाने का सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपनी वॉटरलाइन पर सफेद या न्यूड आईलाइनर लगाना। यह ट्रिक आंखों को तुरंत ग्लो देती है और बड़ी और खुली-खुली आंखों का भ्रम पैदा करती है। एक छोटा-सा लेकिन प्रभावी चेंज देखने के लिए बस अपनी निचली वॉटरलाइन को एक सफेद या न्यूड पेंसिल से लाइन करें और फिर देखें, सब कैसे आपकी आंखों में डूबते हैं।


**टाइटलाइनिंग करें ट्राई:** टाइटलाइनिंग का मतलब है कि आप नीचे ही नहीं, बल्कि ऊपरी वॉटरलाइन पर भी लाइनर लगाएं। इससे पलकें घनी दिखती हैं और एक हल्का स्मोकी लुक भी आता है। इस तरह से लाइनर लगाने से बड़ी लैश लाइन का भ्रम पैदा होता है। वॉटरप्रूफ या लंबे समय तक टिकने वाली आईलाइनर पेंसिल का उपयोग करें ।

### कार्नर न्यूज

### हाइट को जानबूझकर या गलतियों से कम दिखाना कहीं भी समझदारी नहीं

## ड्रेसिंग की बहुत सी गलतियों से आपकी हाइट दिखती है कम, इन्हें जान लीजिए

हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो 5 खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए।



### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।



### हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

### भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

### गलत लेयरिंग

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा। लेयरिंग को एक ही कलर पैलेट में पहनें तो अच्छा रहेगा। इसके साथ प्रिंट न चुनें और सॉलिड रंगों का चुनाव करें।

29 Jan-Jash Bhoomi pg3_Layout 1 1/29/2024 7:54 PM Page 1





# 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फाइटर...

**मुंबई।** फिल्म फाइटर को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉस मिल रहा है। सिर्फ 4 दिनों के अंदर फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी यह धुंआधार कमाई कर रही है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो पिछले 4 दिनों में फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ 45 लाख रुपए की कमाई कर चुकी है। फाइटर के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस की बात करें तो विश्व स्तर पर फिल्म की कमाई के आंकड़े ट्रेड विशेषज्ञ विजयबालन ने जारी किए हैं।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## सूर्या संग लड़ाएंगी इश्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जूनियर एनटीआर संग काम करने के बाद जाह्नवी कपूर के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें वह एक और साउथ सुपरस्टार के साथ इश्क लड़ाती हुई दिखाई देंगी। इस फिल्म को राकेश ओम प्रकाश मेहरा डायरेक्ट करेंगे। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी ने बॉलीवुड के बाद साउथ इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने शुरू कर दिए हैं। खबर है कि उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें एक्ट्रेस साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जाह्नवी और सूर्या पहली बार एक पीरियड ड्रामा फिल्म में साथ दिखाई देंगे। बता दें कि फिलहाल एक्ट्रेस कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित फिल्म देवरा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू कर रही हैं। फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ दिखाई देंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दिनों जाह्नवी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। पिछले दिनों ही उनकी अपकमिंग फिल्म देवरा का टीजर सामने आया था, जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म देखने के लिए बेताब हो गए हैं। बता दें कि देवरा में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। वहीं जाह्नवी थंगम के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा फिल्म में सैफ अली खान भी हैं। वह इसमें विलेन के रोल में दिखाई देंगे। पहले देवरा अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। अब इसे साल के आखिरी में रिलीज किया जा सकता है।

हॉलीवुड मसाला



# जुए की लत ने किया बर्बाद

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम जोलिसक की मुश्किलें काफी बढ़ गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जुए की लत ने हीरोइन को बर्बाद कर दिया। पति का आरोप है कि एक्ट्रेस को जुए की लत थी। दोनों पति पत्नी के बीच तलाक हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस हीरोइन ने अपना एक कपड़ा 4 लाख 90 हजार में बेचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक सूत्र का दावा है कि एक्ट्रेस के छह बच्चे हैं। जिनके लिए उन्होंने महंगे और ढेर सारे तोहफे खरीदने के लिए अपने डिजाइनर कपड़े और एक्सेसरीज बेच दी हैं।



# पेरिस में स्पॉट हुईं रीटा ओरा

**लॉस एंजेलिस।** म्यूजिश्यन रीटा ओरा हॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित हसीनाओं में से एक हैं। रीटा ओरा अक्सर अपने लुक्स से फैंस की नींद उड़ा देती हैं। हाल ही में एक बार फिर रीचा ने अपने अंदाज से लोगों के होश उड़ा दिए। दरअसल रीटा ओरा को पेरिस के एक होटल के बाहर देखा गया। इस दौरान रीटा ओरा का बोल्ड लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो 33 साल की सिंगर क्रॉप टॉप, लो राइज स्नेक प्रिंट फ्लेयर्स में हॉट दिखीं। ठंड से बचने के लिए हसीना ने फर्र वाली जैकेट, स्कार्फ पेयर किया था। फुटविअर की बात करें तो रीटा ओरा ने ब्राउन शूज से लुक को स्टाइल किया। अपने लंबे ब्राउन बालों को ओपन रखते हुए हसीना ने मिनिमल मेकअप से लुक को पूरा किया।



# अब सोभिता ने किया हॉलीवुड का रुख

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री फिल्म मंकी मैन के साथ देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खीच रहा है। नेटफ्लिक्स की सीरीज और फिल्मों में बैक टू बैक धाक जमाने के बाद शोभिता धुलिपाला ने हॉलीवुड का रुख कर लिया है। इस हॉलीवुड डेब्यू के साथए सोभिता ने न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता की वर्सेटिलिटी दिखाई है बल्कि हॉलीवुड में और वैश्विक दर्शकों के दिलों में भी आगे बढ़ने का रास्ता बनाया है।



# नवाजुद्दीन ने किया अपनी कमाई का खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाने वाले दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी काफी समय से वह अपनी फिल्म सैंधव को लेकर चर्चा में हैं। नवाजुद्दीन फिल्मों में लीक से हटकर किरदार निभाने के लिए पहचाने जाते हैं। अभिनेता ने इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि वो लगभग कितना पैसा कमाते हैं। उन्होंने बताया कि वह खूब कमाते हैं। जब उनसे पूछा गया कि 10 करोड़ या उससे ज्यादा तो उन्होंने कहा कि उसके आसपास। एक्टर ने इस बात का भी खुलासा किया कि वह फिल्में सिर्फ पैसा कमाने के लिए करते हैं, जिससे आगे चलकर वह बिना कोई पैसा लिए कुछ फिल्मों में काम कर सके, जिनकी स्क्रिप्ट उनके दिल को भा जाए।

# अब कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करेंगी नोरा...

**मुंबई।** नोरा फतेही ने केवीएन प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों के लिए नई डील साइन की है। नोरा तेलुगु के बाद अब कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में उनके अभिनय की शुरुआत करेंगी। केडी द डेविल नामक प्रोजेक्ट में नोरा की बेजोड़ डांस प्रस्तुत करेंगी। जाने माने कन्नड़ फिल्म निर्माता प्रेम द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक शानदार दृश्य बनने के लिए तैयार है। वह कहते हैं, नोरा फतेही काम के लिए बहुत समर्पण और फोकस के साथ आती हैं। मुझे इस ग्लोबल सेंसेशन पर बहुत भरोसा है और विश्वास है कि यह अनोखा जुड़ाव फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। नोरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह सहयोग नए दर्शकों से जुड़ने और कर्नाटक में कहानी कहने की परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का एक रोमांचक अवसर है।



# उल जलूल इश्क में नजर आएंगी फातिमा सना...

*__मुंबई।__ एक्ट्रेस फातिमा सना शेख जल्द ही फिल्म उल जलूल इश्क में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ और भी कई टैलेंटेड एक्टर्स दिखेंगे। फिल्म उल जलूल इश्क में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा और शारिब हाशमी जैसे एक्टर्स भी अहम भूमिका निभाते नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी टीम पंजाब पहुंच चुकी है। हाल ही में ये एक्ट्रेस विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख भारत की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में दिखी थी। इस किरदार में अपने शानदार अभिनय से एक्ट्रेस ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया था।*

*फातिमा सना शेख कहती है कि दंगल को 7 साल हो गए हैं। एक ऐसी फिल्म, जिससे मैंने सनेमा में मेरी शुरुआत हुई और मुझे खुशी के आंसू और शाश्वत यादें दीं। दंगल से लेकर धक धक तक मेरा फिल्म करियर खुशियों, आंसुओं और दुखों के साथ भावनाओं की उतार चढ़ाव से भरा रहा है।*



# रोबोट का किरदार निभाने वाली बनीं पहली एक्ट्रेस

**मुंबई।** कृति सेनन अपमकिंग फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में शानदार भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो कि सिफरा नाम की एक रोबोट की है। ऐसा करके कृति न केवल एक अनोखे किरदार की शुरुआत कर रही हैं बल्कि सिल्वर स्क्रीन पर रोबोट का किरदार निभाने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस भी बन गई हैं। बता दें कि कृति अपने किरदार की जटिलताओं को सहजता से पेश करती हैं। रोबोट की भूमिका निभाना कोई आसान बात नहीं है, खासकर के जब संसारिक रूप से अंदर की भावनाओं को व्यक्त करने की चुनौतियों का सामना करते हैं। हालांकि ऐसा लगता है कि कृति ने इस कला में महारत हासिल कर ली है। कई प्रकार के कौशल का प्रदर्शन करते हुए, जो उनके अभिनय कौशल की गहराई को उजागर करते हैं। वह दोनों हाथों से सहजता से खाना पकाने, बेजान आचरण अपनाने, मैकेनिकल फेस के साथ भावनाएं व्यक्त करने, पीछे की ओर झुकने और कई अन्य पलों में अपनी काबिलियत दिखाती है, जो एक रोबोट की प्रामाणिकता को बनाए रखते हैं। ये सभी कृति की सीमाओं को पार करने और एक रोबोट जैसे अनोखे किरदार को निभाने के साथ आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने की कमिटमेंट को प्रदर्शित करते हैं।



# नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बाद मिथुन चक्रवर्ती को झेलना पड़ा था रिजेक्शन

**मुंबई।** 70-80 के दशक में एक्टर्स को स्टार बनाने में उनकी प्रतिभा के साथ ही उनके लुक्स का भी बड़ा योगदान होता था। 70 के दशक में बॉलीवुड में एक ऐसे सुपरस्टार उभरे, जिन्हें कभी उनके रंग रूप के चलते फिल्मों में काम नहीं मिलता था लेकिन फिर समय ने ऐसी करवट ली कि वह उस दौर के सभी लीडिंग एक्टर्स पर भारी पड़ने लगे। मिथुन चक्रवर्ती ने 1976 में क्रिटिक्स द्वारा प्रशंसित मृणाल सेन की फिल्म मृगया से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में अपने शानदार अभिनय से उन्होंने दर्शकों के साथ ही क्रिटिक्स को भी मंत्रमुग्ध कर दिया था। मृगया में लाजवाब अभिनय के लिए मिथुन चक्रवर्ती को नेशनल फिल्म अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर मिला था।



## बेस्ट एक्टर होने के बाद भी नहीं मिली फिल्में

डेब्यू फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलना किसी भी एक्टर के लिए छोटी बात नहीं है। ऐसे में हर एक्टर को उम्मीद होती है कि पहली फिल्म से ही बेशुमार सफलता पाने के बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग जाएगी लेकिन असल में मिथुन की परिस्थितियां इसके बिल्कुल उलट थीं। नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बावजूद उन्हें इंडस्ट्री में कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा था।

## काले रंग के चलते कोई नहीं करता था साथ काम

एक्टर ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कई बार इस बात का जिक्र किया था कि स्टारडम पाने की उनकी राह बिल्कुल भी आसान नहीं थी। डेब्यू फिल्म से क्रिटिक्स की खूब वाहवाही लूटने के बाद भी एक्टर को फिल्म इंडस्ट्री में आसानी से काम नहीं मिलता था। मिथुन चक्रवर्ती ने बताया था कि उनके काले रंग की वजह से कोई भी टॉप एक्ट्रेस उनके संग काम करने को तैयार नहीं होती थी ऐसे में जीनत अमान उनके लिए फरिश्ता साबित हुई थीं।

## जीनत अमान बनीं फरिश्ता

उस दौर में जब एक्ट्रेसेज मिथुन का नाम सुनते ही फिल्में रिजेक्ट कर दिया करती थीं उस वक्त सिर्फ जीनत अमान ही थीं जो उन्हें गुड लुकिंग समझती थीं। जीनत अमान ने मिथुन संग फिल्म करने के लिए हामी भर उनकी किस्मत पलट दी। एक्ट्रेस संग सुपरहिट फिल्म देने के बाद मिथुन चक्रवर्ती ने कभी अपने करियर में पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## खबर संक्षेप


आयोजन में उपस्थित प्राचार्य व अन्य।

### गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एएसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्रा. डॉ. सुमित कुमार डे, श्रीमती कनकलता पैकरा एवं वरूण कुमार कुशवाहा के द्वारा लड़कियों के अधिकारों के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया एवं अपने अधिकारों के प्रति सकारात्मक नजरिया अपनाने पर फोकस करने को कहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एएसपी श्रीमती ठाकुर ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, महिला समानता, महिला शिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, महिला सुरक्षा, महिला पोषण, बाल विवाह, महिला हिंसा, लैंगिक अपराध इत्यादि विषयों पर महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया एवं इन विषयों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह दिया गया एवं सहायक प्रा. डॉ. सुमित कुमार डे के द्वारा आभार प्रदर्शन व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ देवेन्द्र मिश्रा, सुमित मिश्रा, बिक्की राम, श्रीमती अल्का दुबे, सुश्री नासमा बेगम, श्रीमती दीपशिखा शर्मा, विनय गुप्ता, डॉ. पवन उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, मो. अमजद, सविता पैकरा, विपिन सिंह, महेन्द्र कुमार कुर्रे, प्रतिभा उपाध्याय, भागवत प्रसाद साहू, नवनीत कुमार कश्यप, सत्येन्द्र पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, लक्ष्मण सहित काफी संख्या में छात्राओं का योगदान रहा।

### तहसील कार्यालय भवन अन्यत्र बनवाने का विरोध

**बिहारपुर।** चांदनी बिहारपुर में बनने वाले तहसील कार्यालय भवन को अन्यत्र निर्माण कराने के विरोध में सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर को आवेदन देकर स्वीकृत स्थल पर ही कार्यालय का निर्माण कराने की मांग की है।

पेज 1 का शेष

### एमसीबी जिला प्रशासन...

श्रीमती प्रभा पटेल एवं नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष सरोज यादव के द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट की गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जिला प्रशासन के आदर्श सिंह को दिया गया। वहीं बेस्ट बैट्समेन सुनील शर्मा, बेस्ट बॉलर सुलेमान खान, बेस्ट फिल्डर का पुरस्कार रमणीक गुप्ता को भेंटकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंडर 16 बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी में एमसीबी जिले का नाम रोशन करने वाले उभरते खिलाड़ी श्रेयश सिन्हा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन के पीआरओ लोकेश नेताम एवं पुरातत्व विशेषज्ञ विनोद पांडेय का भी मंच से सम्मानित किया गया। पत्रकारों की टीम में सरवर अली कप्तान, सतीश गुप्ता, धीरेन्द्र विश्वकर्मा उप कप्तान, अभिजीत मुखर्जी, सुनील शर्मा, राजेश सिन्हा, सुरजीत सिंह रैना, श्रीकांत शुक्ला, दुलाल डे, अविनाश विश्वकर्मा, दिनेश द्विवेदी एवं सुजीत शाह, टीम कोच रमन सिंह व टीम मैनेजर रामप्रसाद गुप्ता रहे। वहीं जिला प्रशासन की टीम में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट कप्तान, नितेश उपाध्याय, संजय ठाकुर, उमेश पांडेय, सतीश द्विवेदी, गोपाल सिंह, सुलेमान खान, संजय श्रीवास्तव, प्रभात गिरि, आदर्श, रामू सिंह, संतोष सिंह एवं रमणीक गुप्ता शामिल रहे।

## शंकरपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

# रासेयो से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होता है


शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जागरूक करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देती जिपं सदस्य।

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष सात दिवसीय शिविर प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में 17 से 23 जनवरी तक प्राथमिक शाला शंकरपुर प्रांगण में आयोजित किया गया।

शिविर का समापन श्रीमती वंदना राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य एवं प्रो. एमसी हिमधर जिला संगठक के मुख्य आतिथ्य, केजेड उस्मानी के विशिष्ट आतिथ्य, ग्रामवासियों, समस्त स्टॉफ एवं शिविरार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर प्रतिवेदन में डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने बताया कि सभी छात्राओं में प्रथम दिवस से अंतिम दिवस तक कुछ न कुछ सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्रामीणों से डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से उनकी समस्याएं सुनी तथा अपने घरों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखने के साथ स्वयं को साफ-सुथरा रखने की समझाईश दी गई। यहां सभी दिहाड़ी मजदूर हैं जो उठते ही अपने अपने काम में घर से बाहर निकल जाते हैं तथा घर में छोटे बच्चे भी अपने से छाटों को संभाल लेते हैं। शिक्षा के प्रति, स्वास्थ्य के प्रति, पर्यावरण संरक्षण व पेड़ पौधे लगाने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। शिविर थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा है, जिसे साकार करने के लिए नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताकर उसे छोड़ने के लिए भी लोगों को बताया गया।

### शिविर में 109 परिवारों का सर्वे

शिविर अवधि में 109 परिवारों का सर्वे किया गया। इसमें पता चला कि 70 प्रतिशत परिवारों के पास शौचालय नहीं है, 80 प्रतिशत परिवार अशिक्षित हैं, 90 प्रतिशत परिवारों में नशे का सेवन किया जाता है। समस्त परिवार पशुपालन करते पाए गए हैं, इसमें बकरी एवं गाय-बैल शामिल हैं। नल-जल योजना के तहत पानी सभी परिवार के पास आता है। 6 हैण्डपंप के आस पास साफ-सफाई की गई और दो सोख्ता गड्ढों का भी निर्माण किया गया। प्रत्येक दिवस प्राथमिक शाला के बच्चों को शिक्षा भी दी गई तथा विभिन्न विषयों को लेकर जनजागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े ने छात्राओं में हुए परिवर्तन को देखते हुए शिविर की उपलब्धि बताया तथा समस्त शिविरार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिर्फ पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं होता, पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सभी कार्यों को सीखना चाहिए और ग्रामीण महिलाओं से अपने बच्चों को पढ़ाने का आह्वान किया। प्रो. एमसी हिमधर ने शिविर की सराहना की और बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होता है, जो व्यक्ति एक बार एनएसएस से जुड़ता है उसकी अलग पहचान स्वयं बनती है। विशिष्ट अतिथि केजेड उस्मानी ने शिविर में सात दिवसों में जो अनुशासन एवं कलाएं सीखी गई है उन्हें अपने जीवन में प्रतिदिवस आत्मसात करने की बात कही। शिविर समापन में मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र के वितरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम सहायक के रूप में श्रीमती कनकलता पैकरा एवं श्रीमती अल्का दुबे ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के दौरान प्राथमिक शाला शंकरपुर के प्रधान पाठक किशोर कुमार जायसवाल, शिक्षक अमित रोशन कच्छप द्वारा भरपूर सहयोग किया गया।


गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उपस्थित अतिथि एवं विद्यार्थी।

## बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने अतिथियों का मोह लिया मन

**हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़**

26 जनवरी को देश के 75 वें गणतंत्र दिवस का समारोह धूमधाम से मनाया गया। आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एवं आदर्श कम्प्यूटर एकेडमी संस्था द्वारा पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्रावती के द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरूवात हुई और छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई।

संस्था में अध्ययनरत बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह राणा, भीमसेन सोनी, संतोष सिंह, राजकुमार केशरवानी रहे। कार्यक्रम का संचालन नाजिया एवं साक्षी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संजू सोनी के द्वारा गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम पश्चात पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में साक्षी मिश्रा को प्रथम, नंदनी को द्वितीय, विवेक कुमार को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार आरजू को प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में रंगोली प्रतियोगिता में प्रमिला प्रथम, द्वितीय सचिन कुशवाहा, तृतीय वर्षा मौर्य एवं सांत्वना पुरस्कार अंजली यादव को दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में सचिन कुशवाहा को प्रथम,नाजिया को द्वितीय और तृतीय पुरुस्कार समीक्षा सिंह एवं सांत्वना पुरस्कार नैंसी विश्वकर्मा को दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आरजू एवं द्वितीय जया को दिया गया। गायन प्रतियोगिता में श्रुति ग्रुप को प्रथम, द्वितीय कविता, तृतीय अल्का सिंह को दिया गया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में लक्ष्मानिया ग्रुप को प्रथम, श्रुति ग्रुप को द्वितीय साक्षी ग्रुप को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। एकल डांस प्रतियोगिता में दिव्या को प्रथम, मानसी को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया, साथ ही शिक्षक सोहन यादव, मनीषा सिंह, सरोज को शिक्षक सम्मान के रूप में पुरस्कृत किया गया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ


मंच पर उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री व अन्य।


बैटिंग कर मैच का शुभारंभ करते श्यामबिहारी जायसवाल।

**हरिभूमि न्यूज. चिरमिरी**

स्व. संजीव दिनकर स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ लॉहिड़ी कॉलेज मैदान छोटा बाजार चिरमिरी में किया गया। इसमे मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ,कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी चिरमिरी मंडल के अध्यक्ष डमरू बेहरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारिका जायसवाल एवं नगर निरीक्षक दीपेश सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ के दिन का पहला मुकाबला रॉयल वरियर्स और एनएसएसी टाइगर्स के बीच खेला गया। 10 ओवर के मुकाबले में रॉयल वरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरो में 7 विकेट गवाकर कुल 126 रन, जवाब 10 ओवरों में आठ विकेट खोकर 96 रन ही बना पाई। 30 रनों से रॉयल वॉरियर्स ने मैच जीत लिया। मैच में मैन ऑफ द मैच रहे रॉयल वरियर्स के भाष्कर, जिन्होंने 15 गेंदों में 38 रन और 2 ओवरो में 19 रन देकर 2 विकेट लिए। आयोजन ऊँ सांई क्लब के तत्वाधान में किया जा रहा है, जो बिल्कुल आईपीएल की तर्ज पर हो रहा है। इसमें कुल 11 टीमों ने भाग लिया है और यह 11 टीमे आपस में एक-दूसरे से लगातार मैच आईपीएल की तर्ज पर पूरे मैच खेलेंगे।

### गोंडवाना कप क्रिकेट टूर्नामेंट में दुबछोला विजेता



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के ग्राम मोरगा में गोंडवाना कप क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम 21 से प्रारंभ होकर 28 जनवरी को संपन्न हुआ। फाइनल प्रतियोगिता में दुबछोला टीम प्रथम एवं पिपरिया टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संतोष चंद्राकर राष्टीय महामंत्री गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, अध्यक्षता संजय सिंह कमरो प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी , विशिष्ट अतिथि शशि राज सिंह प्रदेश प्रचार मंत्री, विशिष्ट अतिथि इरफान शेख संभागीय महामंत्री, विशिष्ट अतिथि केवल सिंह मरकाम जिलाध्यक्ष गोंगपा एमसीबी, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष गोंगपा एमसीबी, विशिष्ट अतिथि सुरश सिंह आयम कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गोंगपा एमसीबी, विशिष्ट अतिथि रुकमणी मानिकपुरी, वैशाखू सिंह सरपंच मोरगा, उपेन्द्र सिंह सरपंच सरभोका, ज्ञान सिंह सरपंच लोहारी, ध्यान सिंह रक्सेल, जैकी सिंह, महेश सिंह आयम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आठ दिन तक चले इस टूर्नामेंट में क्रिकेट खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्ण प्रदर्शन किया। आयोजन के अंतिम दिन विजेता व उप विजेता टीम के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजन को लेकर खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखने को मिला।

### माध्यमिक शाला बस्ती में ध्वजारोहण



**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी माध्यमिक शाला बस्ती में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला में अमर शहीदों के छायात्रित पर पुष्प अर्पित की गई। तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी गीतो पर नृत्य, भाषण, कविता एवं नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्र में संस्था के प्रधान पाठक राजेन्द्र सिंह, शिक्षिका श्रीमती साधना डहरवाल, धनंजय प्रकाश, तरूण कुमार एवं स्टॉफ सीमन तिग्गा, सकेन्दर सोनवानी, डाइट के छात्राध्यापिका, ग्राम पंचायत बस्ती के सरपंच जगत प्रसाद, छोटू सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विवेकानंद कॉलेज के अतिथि व्याख्याता की पुस्तक का विमोचन

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के युवा महोत्सव एवं वार्षिकोत्सव में श्रीमती प्रभा पटेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, धर्मेंद्र पटवा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, सरजू यादव पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, प्राचार्य डॉ.सरोज बाला श्याग बिश्नोई एवं मंच पर उपस्थित प्राध्यापकों के द्वारा अतिथि व्याख्याता रसायन शास्त्र डॉ. रेणु प्रजापति की पुस्तक ग्रुप थ्योरी स्पेक्ट्रोस्कोपी एंड डिफरेक्शन मेथड का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. रेणु ने मंच पर विराजमान सभी अतिथियों, उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं महाविद्यालय परिवार का स्वागत की। उन्होंने कहा कि आज मेरे लिए यह गौरव का क्षण है। आप सभी को यह बताते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि मैं अपने अति लघु प्रयास से अपने आध्यापकीय कर्म एवं ज्ञान को पुस्तकाकार रूप में परिणित करने की एक विनम्र कोशिश की है। मेरे इस प्रयास का आकलन तो सुधी पाठक, विद्यार्थी एवं शोध में रुचि रखने वाले शोधार्थी विद्वान ही करेंगे। राष्टीय मतदाता दिवस पर महाविद्यालय में पहुंचे कलेक्टर डी.राहुल वेंकट को डॉ. रेणु द्वारा अपनी पुस्तक भेंट की गई। कलेक्टर डी. राहुल ने डॉ. रेणु के इस कार्य की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी और आगे भी इसी तरह की सृजन करने की प्रेरणा दी। डॉ. रेणु ने अपने इस कार्य को अपने माता-पिता तथा परिवार के बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद तथा अपने जीवनसाथी के सतत प्रेरणा का प्रतिफल बताया।


पुस्तक का विमोचन करते कलेक्टर व अन्य।

## 910 मरीजों को मिला सीटी स्कैन का लाभ


अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई।

- जिला स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

बैठक में श्री लंगेह ने स्वास्थय विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा ली तथा निर्माण संस्थाओं से जिले में स्वास्थ्य विभाग की निर्माणाधीन भवनों की भी जानकारी ली, जिसके साथ पूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द हैंडओवर करने के निर्देश दिए। बैठक में विकसित भारत संकल्प योजना और प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत शिविरों में बने आयुष्मान कार्ड की जानकारी साझा की गई। विदित हो कि अब तक जिले में 1 लाख 98 हजार 509 आयुष्मान भारत कार्ड बनाए जा चुके हैं, इसके साथ ही कलेक्टर श्री लंगेह ने गर्भवती जांच पंजीयन, एनीमिया उन्मूलन, सिकल सेल की स्क्रीनिंग के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में संचालित सीटी स्कैन मशीन और डायलिसिस की जानकारी ली। विदित हो कि सीटी स्कैन मशीन के संचालन से अब तक 910 मरीजों को लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कोई अनाधिकृत सोनोग्राफी सेंटर का संचालन न हो, इसके लिए निरंतर नजर रखी जाए।

## विद्यार्थियों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के दिशा-निर्देश पर जिले में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्टीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत मंगलवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सोनहत, बुधवार को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर, गुरुवार को राष्टीय राजमार्ग पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देना, शुक्रवार को बैकुंठपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार एवं वाहनों के आगे पीछे रेडियम टेप लगाना, शनिवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पटना एवं जवाहर नवोदय विद्यालय केनापारा बैकुंठपुर के छात्रों को कोरिया पुलिस द्वारा संचालित समर्थ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर एवं उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, प्रशिक्षु डीएसपी रविकांत सहारे, लांस नायक महेश मिश्रा द्वारा यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध, मानव व्यापार से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

नाबालिग छात्र-छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई, साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं व विद्यालयीन स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया। छात्रों को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया ,साथ ही पूछे गए प्रश्नों के सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। यातायात लांस नायक महेश मिश्रा द्वारा यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्ह की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दुपहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेब्रा क्रॉसिंग रेलवे क्रॉसिंग, गुड समेरिटन, लाइसेंस बनवाने के नियम, दुर्घटना के कारण, दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। उक्त जागरूकता अभियान के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली डीएसपी रविकांत सहारे, सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह, वरदान लकड़ा, किशुन भगत, प्रधान आरक्षक अरुण बड़ेरिया, आरक्षक सुनील मरावी, देव प्रसाद टोप्पो, केशव सोनवानी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य आरएन कच्छप, एसके मिश्रा, रविकांत मिश्रा, देवकरण सिंह, उप प्राचार्य राजू दुबे के साथ विद्यालयीन शिक्षक-शिक्षिका एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर कार्यक्रम**


यातायात नियमों की जानकारी देते लांस नायक। वाहन चालक को समझाइश देते पुलिसकर्मी।

### छात्र-छात्राओं ने किया तक्षशिला ग्रंथालय का भ्रमण

**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमन मिश्र कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के स्टूडेंट्स ने तक्षशिला ग्रंथालय का भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे के निर्देश पर महाविद्यालय के इकोनॉमिक्स विभागीय परिषद से सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि पांडे एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. सलीम किसपोट्टा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन द्वारा स्थापित तक्षशिला ग्रंथालय के समस्त क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया।







